# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर


दिनांक : __22/06/2026___

स्थान : राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में SAR टीम का भ्रमण दिनांक _22/06/2026___ को संपन्न हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन एवं मूल्यांकन करना था। भ्रमण के दौरान टीम ने महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की तथा महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। टीम द्वारा कक्षाओं, पुस्तकालय, आईटी लैब, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान पाया गया कि महाविद्यालय में शिक्षण कार्य नियमित रूप से संचालित हो रहा है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। पुस्तकालय एवं आईटी लैब की सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं तथा उनका समुचित उपयोग किया जा रहा है। महाविद्यालय परिसर स्वच्छ, व्यवस्थित एवं अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल पाया गया।
टीम ने महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग, शिक्षकों की प्रतिबद्धता सराहना की। साथ ही भविष्य में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) आधारित शिक्षण को और अधिक सुदृढ़ करने, शोध एवं नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा छात्र सहायता सेवाओं का विस्तार करने संबंधी सुझाव भी प्रदान किए।

अंत में SAR टीम ने राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के समग्र कार्य निष्पादन पर संतोष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय प्रशासन,शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग की प्रशंसा की तथा संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।









प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)-176086
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner